# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **27-06-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1- युवती को प्रताडित करने व आत्महत्या के लिये उकसाने जिससे युवती द्वारा आत्महत्या कर लेने के अभियोग में नामित/वांछित आरोपी को थाना कांठ पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।**

अवगत कराना है कि दिनांक 26.06.2025 को वादी निवासी कस्बा कांठ थाना कांठ क्षेत्रान्तर्गत ने आरोपी वादी की पुत्री के पति द्वारा वादी की पुत्री को प्रताडित करने व आत्महत्या के लिये उकसाने जिससे वादी की पुत्री द्वारा प्रताडना से तंग आकर आत्महत्या कर लेने के सम्बन्ध में थाना कांठ पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कांठ पर मु0अ0सं0- 172/2025 धारा- 85/108 बीएनएस बनाम मौसम पुत्र हारून निवासी रूस्तमपुर थाना कांठ जनपद मुरादाबाद, हाल निवासी मौ० किडावाला कस्बा व थाना कांठ जनपद मुरादाबाद के पंजीकृत किया गया । विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 27.06.2025 को थाना कांठ पुलिस द्वारा उक्त अभियोग में नामित/वांछित अभियुक्त मौसम पुत्र हारून उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया । अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।



**पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0- 172/2025 धारा- 85/108 बीएनएस

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

मौसम पुत्र हारून निवासी रूस्तमपुर थाना कांठ जनपद मुरादाबाद, हाल निवासी मौ० किडावाला कस्बा व थाना कांठ जनपद मुरादाबाद

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1- उ0नि0 श्री गंगासरन थाना कांठ जनपद मुरादाबाद

2- हे0कां0 अश्वनी सिंह थाना कांठ जनपद मुरादाबाद

3- हे0कां0 प्रदीप कुमार थाना कांठ जनपद मुरादाबाद।

**2- जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने में 22 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय **पुलिस द्वारा 22 व्यक्तियों** को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**थाना कटघर- 04, थाना सिविल लाइन- 01, थाना मझोला- 04, थाना मूंढापांडे-02, थाना कांठ-01, थाना छजलैट-02, थाना ठाकुरद्वारा-01, थाना भगतपुर-04, थाना बिलारी-02, थाना सोनकपुर-01,**